

दिलीप गावित

400 मीटर टी46 वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

भाज

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष

रश्मिका मंदाना

को 'बिकिनी' से परहेज



पटना, शुक्रवार, २३ अक्तूबर, २०२६ सौर ५ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण ९६ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

2,996 विद्यालयों के बनेंगे भवन : सम्राट

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में 2,996 विद्यालयों के नये भवन बनेंगे। उनमें 16,440 क्लासरूम बनेंगे। नये 211 डिग्री कॉलेजों में क्लास रूम, केमिस्ट्री लैब, लेक्चर थिएटर, साइंस ब्लॉक, कंप्यूटर लैब, जूलॉजी लैब, आर्ट ब्लॉक, लाइब्रेरी ब्लॉक, किचेन तथा छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास का निर्माण किया जायेगा।

16,440 क्लासरूम का होगा निर्माण : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को लोक सेवक आवास के संकल्प सभागार में उच्च शिक्षा विभाग की बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवस्थापित 211 डिग्री महाविद्यालयों के स्थाई कैंपस के निर्माण को लेकर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। बैठक में शिक्षा तथा उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से स्थाई कैंपस का डिजाइन प्लान, साईट प्लान, फ्लोर प्लान सहित



निमार्ण हेतु भूमि की उपलब्धता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन महाविद्यालयों के स्थायी कैंपस का निर्माण आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। प्रस्तावित नए डिग्री महाविद्यालयों में क्लास रूम, केमिस्ट्री लैब, लेक्चर थिएटर, साइंस ब्लॉक, कंप्यूटर लैब, जूलॉजी लैब, आर्ट ब्लॉक, लाइब्रेरी ब्लॉक, किचेन तथा छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि गत 15 जुलाई को एक साथ 211 डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन की शुरूआत करायी गयी है, ताकि बच्चों को अपने ही प्रखंड में उच्च शिक्षा की सुविधा मिल सके। गुणवत्तापूर्ण तथा उच्च शिक्षा के व्यापक विस्तार से युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। नवस्थापित 211 डिग्री महाविद्यालयों के स्थाई कैंपस का निर्माण जल्द से जल्द कराने हेतु कार्य करें। भविष्य को ध्यान में रखते हुये स्थाई कैंपस का मॉडर्न डिजाइन तैयार करें, इसमें जी0+5 भवन के निर्माण का भी विकल्प रखें। सभी जिलों में स्थाई कैंपस के निर्माण हेतु भूमि के चयन में ऐसे स्थल को प्राथमिकता दी जाये जो प्रखंड मुख्यालय के नजदीक हो। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता

(शेष पृष्ठ ९ पर)

विधान परिषद की 8 सीटों के लिए मतदान आज

5.32 लाख से अधिक मतदाता 150 उम्मीदवारों के भाग्य का करेंगे फैसला

(निज प्रतिनिधि)

पटना। बिहार विधान परिषद की आठ सीटों के लिए आज मतदान होगा। चार स्नातक और चार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले इस चुनाव में 5.32 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव मैदान में कुल 150 उम्मीदवार हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा, जबकि मतगणना 27 अक्टूबर को की जाएगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, आठों निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 5,32,847 मतदाता पंजीकृत हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 4,92,594 मतदाता हैं। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में



सर्वाधिक 1,43,988 मतदाता हैं। इसके बाद कोसी में 1,34,072, दरभंगा में 1,26,951 और पटना में 87,583 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। वहीं, चार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 40,253 मतदाता हैं। पटना शिक्षक निर्वाचन

(शेष पृष्ठ ९ पर)

निष्पक्ष मतदान के लिए प्रशासन अलर्ट

पटना (आससे)। पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। पटना, नालंदा और नवादा जिलों के अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों

(शेष पृष्ठ ९ पर)

विशेष आकस्मिक अवकाश आज

पटना (आशिप्र)। राज्य सरकार ने बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक चुनाव में मतदान के लिए शुक्रवार को विशेष आकस्मिक अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग

(शेष पृष्ठ ९ पर)

एसटीईटी 25 से, चार की परीक्षा 21 को

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) 25 अक्टूबर से होगी। निर्धारित शिड्यूल के मुताबिक यह परीक्षा 20 नवंबर तक है। लेकिन, चार नवंबर को केंद्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति की परीक्षा आयोजित होने के कारण उस दिन की परीक्षा 21 नवंबर को

(शेष पृष्ठ ९ पर)

अगले 30 साल तक कांग्रेस की सरकार नहीं बनेगी : शाह

नयी दिल्ली (एजेंसी)। वोट चोरी के आरोपों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पलटवार किया है और कहा कि राहुल गांधी सपने देख रहे हैं। कुछ भी आरोप लगा लें राहुल गांधी की दाल नहीं गलने वाली है। आपका अगले 30



साल तक नंबर नहीं आएगा। बता दें कि शाह ने यमुना नदी की सफाई के लिए आज 8,941 करोड़ रुपये की

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें
website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें

तिब्बत में जोरदार भूकंप

नयी दिल्ली (एजेंसी)। चीन के तिब्बत में गुरुवार को 7.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया. भारत के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार रात करीब 8:03 बजे आया. इसका केंद्र जमीन से 173 किलोमीटर की गहराई पर था।

इससे पहले जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर बताई थी. वहीं, चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र के मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार रात करीब 10:33 बजे उत्तरी तिब्बत के नागचू

(शेष पृष्ठ ९ पर)

'भारत-पोलैंड की दोस्ती को नयी उड़ान'

नयी दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र



मोदी ने भारत दौरे पर आये पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और पोलैंड की साझेदारी ने पिछले दो वर्षों में नई गति पकड़ी है. दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई है. पीएम मोदी ने पोलैंड की कंपनियों को भारत के साथ इन क्षेत्रों में संयुक्त विकास और उत्पादन करने के लिए आमंत्रित किया. उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड के संबंध

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सोना टूटा चांदी धड़ाम

नयी दिल्ली (एजेंसी)। वैश्विक बाजार से मिले कमजोर संकेतों के कारण दिल्ली के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 टूटकर 1.48 लाख प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई और यह 5,900 फिसलकर 2.07 लाख प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले 10 महीनों का सबसे निचला स्तर है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के जारी आंकड़ों के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

छेड़खानी के आरोप में बिहार के शम्स आलम एशियन पैरा गेम्स से वापस

पटना(आससे)। जापान के नागोया में चल रहे एशियन पैरा गेम्स में शामिल भारतीय पैरा तैराक मोहम्मद शम्स आलम शेख पर होटल की महिला कर्मचारी से कथित यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। शम्स आलम बिहार के मधुबनी जिले के रहने वाले हैं। 40 वर्षीय शम्स पर भारतीय पैरालंपिक समिति आजीवन



प्रतिबंध लगा सकती है। इस बीच, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और बिहार सरकार ने भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही है। उनकी सरकारी नौकरी पर भी खतरा मंडरा गया है। प्राधिकरण के डीजी रवींद्रण शंकरण ने गुरुवार को बताया कि पीसीआई की रिपोर्ट के आधार पर शम्स के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

